प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नीट–यूजी परीक्षा की नई तारीख का ऐलान, 21 जून को आयोजित होगी पुनर्परीक्षा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा–अगले सत्र से पूरी तरह ऑनलाइन मोड में होगी नीट–यूजी परीक्षा।
2. कोयला राज्य मंत्री ने बोकारो के जारंगडीह सीसीएल क्षेत्र में वैज्ञानिक खनन और पुनर्वास की समीक्षा की, सीएमपीडीआई और एमईसीएल के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता।
3. रांची प्रदेश कार्यालय में भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक जारी, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा।
4. राज्य में एसआईआर के तहत दो करोड़ चौंसठ लाख से अधिक मतदाताओं का होगा भौतिक सत्यापन, सीईओ ने कहा मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहेगा कोई भी योग्य नागरिक।
5. जमशेदपुर के क्रिकेटर कुमार कुशाग्र का इंडिया ए टीम में चयन, जून में श्रीलंका में खेलेंगे त्रिकोणीय श्रृंखला।

*******************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। सरकार की मंजूरी के बाद अब यह परीक्षा इक्कीस जून को आयोजित की जाएगी। तीन मई को हुई प्रारंभिक परीक्षा को पेपर लीक के चलते रद्द कर दिया गया था। परीक्षा देने वाले छात्रों को अगले महीने की 14 तारीख तक परीक्षा का एडमिट कार्ड मिल जाएगा।

*******************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि छात्र सरकार की प्राथमिकता हैं और सरकार उनके प्रति संवेदनशील है। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने बताया कि अगले वर्ष से नीट यूजी परीक्षा मौजूदा ओएमआर आधारित पद्धति की बजाय कंप्यूटर आधारित परीक्षा पद्धति से आयोजित की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनटीए में ठोस सुधारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने संबंधी उपाय किए जाएंगे। श्री प्रधान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी योग्य विद्यार्थी फर्जी उम्मीदवारों की धांधली या शिक्षा माफिया की साजिशों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो जाए।

*******************

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की उपस्थिति में रांची स्थित सीएमपीडीआई मुख्यालय में एमईसीएल के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य देश में ऊर्जा और गैर–ऊर्जा खनिजों की संयुक्त खोज को बढ़ावा देना है। बैठक में मंत्री ने बंद खदानों में मत्स्य पालन और मशरूम खेती के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर विशेष जोर दिया। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने बोकारो जिले के जारंगडीह सीसीएल परियोजना क्षेत्र का दौरा कर वैज्ञानिक खनन, पर्यावरण संरक्षण और पुनर्वास नीतियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। उन्होंने वहां कौशल विकास केंद्र के युवाओं से संवाद करते हुए आधुनिक और पारदर्शी कार्यसंस्कृति अपनाने का आह्वान किया।

*******************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू कर रहे हैं। इसमें राज्य सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए, जनसमस्याओं के खिलाफ आगामी राज्यव्यापी आंदोलनों को धार देने की रणनीति बनाई जायेगी।

*******************

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में खींचतान शुरू हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू ने झामुमो पर पिछले तीन चुनावों में हकमारी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि संख्या बल के आधार पर झामुमो सिर्फ एक सीट का हकदार है और दूसरी सीट पर कांग्रेस का पुख्ता दावा बनता है।

*******************

राज्य में ठोस कचरा प्रबंधन नियम–2026 लागू करने के लिए विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोर कमिटी की बैठक हुई। इसमें सभी जिलों में वैज्ञानिक तरीके से कचरा संग्रहण और प्रोसेसिंग व्यवस्था

बनाने के निर्देश दिए गए। गांव स्तर पर डोर–टू–डोर कचरा उठाने के लिए ई–रिक्शा के उपयोग पर जोर दिया गया।

*******************

झारखंड में विशेष मतदाता पुनरीक्षण यानी एसआईआर कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। इसके तहत राज्य के दो करोड़ चौंसठ लाख से अधिक मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस वृहद अभियान के लिए प्रदेश भर में उनतीस हजार पांच सौ से ज्यादा बीएलओ और विभिन्न दलों द्वारा इक्कीस हजार छह सौ बीएलए तैनात किए जाएंगे। मामले पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि इस देशव्यापी विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य शत–प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

*******************

पेट्रोलियम कंपनियों ने देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन–तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। इस पर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने भाजपा पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त होते ही कीमतें बढ़ा दी जाती हैं, जिससे आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

*******************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज शुरूआती कारोबार में मामूली बढ़त दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 82 अंक बढ़कर 75 हजार 481 जबकि निफ्टी 29 अंक की वृद्धि के साथ 23 हजार 719 पर था।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 50 हजार 300 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 3 लाख 2 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

रांची सहित राज्य के 14 जिलों में 17 और 18 मई को 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने व कहीं–कहीं वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पलामू और गढ़वा को छोड़ कर राज्य के लगभग सभी जिलों में आज और कल तेज हवा और बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने लोगों से सचेत रहने की अपील की। 20 मई तक राज्य के सभी जिलों का मौसम बदला रहेगा।

*******************

जमशेदपुर के प्रतिभाशाली विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र का चयन भारतीय ए क्रिकेट टीम में हुआ है। वह 9 जून से श्रीलंका में आयोजित होने वाली एक दिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला में हिस्सा लेंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत के साथ मेजबान श्रीलंका और अफगानिस्तान ए की टीमें खेलेंगी।

*******************